ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग

गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 26-04-2022

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-04-26 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-04-27	2022-04-28	2022-04-29	2022-04-30	2022-05-01
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	3.0	4.0
अधिकतम तापमान(से.)	27.0	28.0	28.0	29.0	29.0
न्यूनतम तापमान(से.)	13.0	13.0	14.0	14.0	15.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	30	30	30	30	30
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	25	25	25	20	20
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	6.0	6.0	8.0	8.0
पवन दिशा (डिग्री)	310	300	100	120	130
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	0	0	3	4

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में, 29 व 30 अप्रैल को कहीं-कहीं हल्की वर्षा हो सकती है तथा शेष दिन मौसम साफ रहेगा। हवा के 6.0-8.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व-दक्षिण-पूर्व व उत्तर-उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 27.0 से 29.0 व 13.0 से 15.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| ईआरएफएस के अनुसार, 1 से 7 मई के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से कम व अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉ इड उपयोगकर्ताओं) ओं और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) ओं से डाउनलोड किया जा सकता है| धान-गेंहूँ फसल चक्र में, गेंहूँ की कटाई एवं अन्य रबी फसलों की कटाई के बाद हरी खाद हेतु मुख्यत: ढैंचा एवं सनई की बुवाई करें। बलुई एवं दोमट मृदाओं में सनई भारी मृदा एवं जल भराव वाले क्षेत्रों में ढैंचा को प्राथमिकता दें। ढैंचा के लिए बीज दर 50-60 किग्रा/है एवं सनई के लिए बीज दर 80-90 किग्रा/है रखें।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, 29 व 30 अप्रैल को कहीं-कहीं हल्की वर्षा हो सकती है तथा शेष दिन मौसम साफ रहेगा।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
बरनार्ड मिल	मध्यम पर्वतीय क्षेत्रों में, अप्रैल में सॉवा (मादिरा/झंगुरा) की प्रजातियों जैसे वी0एल0 मादिरा-172, वी0एल0 मादिरा-207 तथा पी0आर0जे01 की बुवाई पंक्ति से पंक्ति की दूरी 25से0मी0 एवं पौधे से पौधे की दूरी 10से0मी0 पर करें। जिसमें 8-10 कि0ग्रा0/है0 बीज उपयुक्त होगा। नत्रजन, फास्फोरस व पोटाश का 40:20:20 के अनुपात में प्रयोग करें। जिसमें नत्रजन की आधी मात्रा एवं फास्फोरस तथा पोटाश की पूरी मात्रा का बुवाई के साथ प्रयोग करें। नत्रजन की शेष बची आधी मात्रा बुवाई के एक महीने बाद टॉप ड्रेसिंग के रूप में प्रयोग करें।
गेहूँ	मौसम के पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए, गेहूं की फसल की कटाई और मड़ाई पूर्ण कर, कटी हुई फसल को सुरक्षित स्थान में पर रखें।
मक्का	मैदानी क्षेत्रो में, मध्य फरवरी में बोई गई बसंत कालीन मक्का की फसल में किसान भाई अपने खेत में खरपतवार नियंन्त्रण तथा यूरिया का छिड़काव मौसम के पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर सुनिश्चित करें अन्यथा इसका मक्का की उपज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
राजमा/ लोबिया	लोबिया मे जड़ एवं तना गलन रोग की रोकथाम हेतु कार्बन्डाजिम 500 ग्राम/है0 की दर से प्रयोग करे।
सेम की फली	सिंचित घाटी क्षेत्रो में सब्जी फ्रासबीन किस्म अर्का कोमल या कन्टेण्डर की बुवाई करे।
आड़ू	मध्यम एवं निचले पर्वतीय क्षेत्रों में आड़ू के पर्णकुंचन रोग की रोक-थाम के लिए कीटनाशक रसायनों का द्वितीय छिड़काव मौसम साफ होने पर करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	पशुओ को नया भूसा बिना पानी में भिगोयें हुए न खिलायें, अन्यथा साधारण अपच नामक रोग से ग्रसित होने का खतरा रहता है।